दिनांक 29.07.2024

नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 29.07.2024 को नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ में विश्व बाघ दिवस के अवसर पर बाघों के प्रति जागरूकता हेतु रैली का आयोजन किया गया। श्रीमती अदिति शर्मा, निदेशक, नवाब वाजिद अली प्राणि उद्यान, लखनऊ द्वारा जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। जागरूकता रैली प्राणि उद्यान के गेट नं0–3 से निकलकर मुख्यमंत्री आवास चौराहा, लोहिया पथ, डी0जी0पी0 आवास होते हुए प्राणि उद्यान के गेट नं0–2 पर समाप्त हुई। इस अवसर पर श्री दिनेश बडोला, क्षेत्रीय वनाधिकारी, प्राणि उद्यान लखनऊ, श्रीमती नीना कुमार, शिक्षाधिकारी, प्राणि उद्यान लखनऊ एवं प्राणि उद्यान के कर्मचारी तथा विभिन्न स्कूलों के छात्र–छात्राओ से भाग लिया।

विश्व बाघ दिवस के अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न स्कूलों के लगभग 150 छात्र–छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। अंत में स्कूली बच्चों द्वारा जिज्ञासा से भरे हुये कई प्रश्न पूछे गये जिनका उत्तर प्राणि उद्यान के पशु चिकित्सक डा0 अशोक कश्यप एवं डा0 बृजेन्द्र मणि यादव द्वारा देते हुये बच्चों की जिज्ञासा शांत की गयी।

विजयी प्रतिभागियों का विवरण निम्न प्रकार है :–

जूनियर वर्ग–

क्र0सं0	विद्यार्थी का नाम	कक्षा	विद्यालय का नाम
1	शीखा कुमारी	8	टी0डी0 गर्ल्स इण्टर कॉलेज, लखनऊ
2	रूची गोण्ड	8	टी0डी0 गर्ल्स इण्टर कॉलेज, लखनऊ
3	अनम जहाँ	8	एमेकस एकेडमी, लखनऊ

सीनियर वर्ग–

क्र0सं0	विद्यार्थी का नाम	कक्षा	विद्यालय का नाम
1	प्रतीक विश्वकर्मा	10	हॉर्नर कॉलेज, लखनऊ
2	महक रावत	12	टी0डी0 गर्ल्स इण्टर कॉलेज, लखनऊ
3	रूद्र कश्यप	11	हॉर्नर कॉलेज, लखनऊ

सांत्वना पुरस्कार–

क्र0सं0	विद्यार्थी का नाम	कक्षा	विद्यालय का नाम
1	प्रबल जैन	8	हॉर्नर कॉलेज, लखनऊ
2	निशा कश्यप	8	एमेकस एकेडमी, लखनऊ
3	राजन कश्यप	10	हॉर्नर कॉलेज, लखनऊ
4	गरिमा शर्मा	10	टी0डी0 गर्ल्स इण्टर कॉलेज, लखनऊ

(–ह0–)
(अदिति शर्मा)
निदेशक,
नवाब वाजिद अली शाह
प्राणि उद्यान, लखनऊ।